मध्य प्रदेश शासन
गृह (सामान्य) विभाग

भोपाल, दिनांक 4 अक्टूबर, 1986.

प रि प त्र

विषय :- टेलीफोन नम्बर्स की अदला-बदली के सम्बन्ध में ।

—0—

जब किसी अधिकारी का स्थानान्तर भोपाल में ही सचिवालय से अन्य कार्यालय में होता है, या अन्य कार्यालय से सचिवालय में होता है, तो अधिकारी के निवास स्थान पर प्रतिष्ठापित टेलीफोन नम्बर को यथावत रखे जाने की मांग की जाती है, व उसके स्थान पर सचिवालयीन टेलीफोन नम्बर अन्य कार्यालय को देना (i.e. Or Vice_versa) प्रस्तावित किया जाता है ।

2. सचिवालयीन टेलीफोन नम्बर्स की अन्य कार्यालयों के टेलीफोन नम्बर्स के साथ अदला-बदली के लिए टेलीफोन विभाग द्वारा आपत्ति उठाई जाती है । इस प्रकार की अदला बदली पर उनके द्वारा असहमति व्यक्त की जा रही है । साथ ही, इस प्रकार की अदला-बदली से सचिवालयीन टेलीफोनों का जहाँ हिसाब-किताब रखने में बड़ी परेशानियाँ होती हैं, वहीं टेलीफोन बिलों के भुगतान आदि में भी दिक्कतें होती रहती हैं ।

3. अतः निर्णय लिया गया है कि सचिवालयीन टेलीफोन नम्बर्स की अब कोई अदला-बदली न की जाय । इस प्रकार अब मंत्रीगणों के कार्यालय/निवास एवं सचिवालय के पदाधिकारियों के कार्यालय/निवास के लिये प्रयुक्त टेलीफोन नम्बर्स का जो पूल रहेगा, उस पूल के बाहर न कोई टेलीफोन नम्बर स्थानान्तरित किया जावेगा और न उस पूल में बाहर का कोई टेलीफोन नम्बर लिया जावेगा ।

4.10.86

(एस0आर0गुप्ता)
विशेष सचिव
मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग.

2/..

-2/-

क्रमांक एफ-20-96/86/दो-ए-(3), भोपाल, दिनांक 4 अक्टूबर, 1986,

प्रतिलिपि :-

1. महामहिम राज्यपाल महोदय के सचिव, भोपाल.
2. निज सचिव, मुख्य मंत्री, समस्त मंत्रीगण/राज्य मंत्रीगण/संसदीय सचिव.
3. निज सचिव, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधान सभा, भोपाल.
4. सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय, भोपाल.
5. समस्त सचिव/विशेष सचिव/उप सचिव/अवर सचिव.
6. शासन के समस्त विभाग। कृपया अपने विभाग के समस्त अधिकारियों/निगमों/मण्डलों आदि को यह व्यवस्था सूचित करने का कष्ट करें।
7. समस्त विभागाध्यक्ष.
8. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो विभाग, भोपाल। निवेदन है कि इस परिपत्र की प्रतिलिपियाँ समस्त निगमों/मण्डलों आदि को भिजवाने का कष्ट करें।
9. जिला प्रबन्धक दूरभाष, टी०टी०नगर, भोपाल.

(ए०एस०शर्मा)
अवर सचिव